**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 171**

**जिसका उत्तर 20 जुलाई, 2023 को दिया जाना है।**

.....

**जल स्तर में गिरावट**

**171. श्री फिरोज वरुण गांधीः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2000 से देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में जल स्तर में आई गिरावट का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश भर में जल संरक्षण और जल स्तर में गिरावट की दर को कम करने के लिए हर घर जल योजना के अंतर्गत कोई उपाय किए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या जल स्तर में गिरावट से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए भू-जल प्रबंधन के वर्तमान ढांचे को अद्धतन करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टूडू)**

**(क)** जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के तहत केंद्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) संगठन मॉनिटरिंग कुओं के नेटवर्क के माध्यम से समय-समय पर क्षेत्रीय स्तर पर पूरे देश में भूजल स्तर की मॉनिटरिंग कर रहा है। केंद्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा नवंबर 2022 के दौरान एकत्र किए गए जल स्तर के आंकड़ों की तुलना नवंबर 2000 के भूजल स्तर के आंकड़ों से की गई है। जल स्तर के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि मॉनिटरिंग किए गए लगभग 34.1% कुओं में भूजल स्तर में गिरावट दर्ज की गई है, जबकि 65.6% कुओं के जल स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-I में दिया गया है।**

इसके अतिरिक्त, भूजल स्तर में दीर्घकालिक उतार-चढ़ाव का आकलन करने के लिए, नवंबर 2022 के दौरान केंद्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा एकत्र किए गए जल स्तर के आंकड़ों की तुलना नवंबर (2000-2021) के औसत से की गई है। जल स्तर के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि मॉनिटरिंग किए गए लगभग 38.4% कुओं में भूजल स्तर में गिरावट दर्ज की गई है, जबकि 61.6% कुओं में भूजल स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक -II में दिया गया है** ।

**(ख) और (ग)** भारत सरकार अगस्त 2019 से, राज्यों के साथ साझेदारी में देश की प्रत्येक ग्रामीण रिहाइश में वर्ष 2024 तक पेय नल के जल की आपूर्ति का प्रावधान करने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन (जेजेएम) का कार्यान्वयन कर रही है। पेयजल राज्य का विषय है, पेयजल आपूर्ति की योजना, डिजाइन, अनुमोदन और कार्यान्वयन राज्य द्वारा ही किया जाता है; यद्यपि, भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान कर राज्यों के प्रयासों का समर्थन करती है।

जल जीवन मिशन के तहत राज्यों को वाटरशेड/स्प्रिंग-शेड सिद्धांतों को अपनाकर विभिन्न केंद्र/राज्य सरकार की योजनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से स्रोत पुनर्भरण के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे: समर्पित बोरवेल पुनर्भरण संरचनाए, वर्षा जल पुनर्भरण, मौजूदा जल निकायों का पुनरुद्धार आदि करने का दयित्व सौपा गया है।

स्थायी भूजल प्रबंधन सहित वर्षा जल के प्रभावी संचयन के प्रयास राज्यों के अधिदेश के अंतर्गत आते हैं; यद्यपि, इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा कई उपाय किये गए हैं जो https://cdnbbsr.s3waas.gov.in/s3a70dc40477bc2adceef4d2c90f47eb82/uploads/2023/02/2023021742.pdf पर उपलब्ध है।

**(घ) और (ङ):** भारत सरकार ग्राम स्तर पर जल संरक्षण योजना तैयार करने और भूजल संसाधनों के प्रबंधन में सक्रिय भागीदारी के लिए समुदायों को शामिल करते हुए सहभागी भूजल प्रबंधन को बढ़ावा दे रही है। इसके अतिरिक्त, भूजल संसाधनों के संरक्षण के लिए फसल चक्र, फसल विविधिकरण, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली आदि ) अवधारणा पर विशेष ध्यान देते हुए खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड वर्टिकल इलेक्ट्रिकल साउंडिंग (वीईएस), एक्सप्लोरेटरी ड्रिलिंग जैसी प्रौद्योगिकियों के अलावा, टाइम डोमेन इलेक्ट्रोमैग्नेटिक (टीईएम) सर्वेक्षण और हेली-बोर्न सर्वेक्षण जैसी नवीनतम उपलब्ध तकनीकों का उपयोग कर स्थायी भूजल प्रबंधन के क्षेत्र में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता कर रहा है। केंद्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय जलभृत मैपिंग कार्यक्रम (एनएक्यूयूआईएम1.0) के तहत नवीनतम सर्वेक्षण तकनीकों का उपयोग कर जलभृत विशेषताओं और इनकी प्रबंधन योजनाओं का निर्धारण करने सहित देश के संपूर्ण मैपिंग योग्य क्षेत्र के जलभृत मानचित्र तैयार किए गए हैं। उपयुक्त उपायों के लिए प्रबंधन योजनाओं को राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझा किया गया है।

सीजीडब्ल्यूबी द्वारा ग्यारह प्रकार के चिन्हित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विभिन्न सूक्ष्म मापन पर जलभृत मैपिंग (एनएक्यूयूआईएम 2.0) आरंभ किया गया है। इन क्षेत्रों की पहचान भूजल संबंधी मुद्दों/भूजल स्थितियों की गंभीरता के आधार पर की गई है, जैसे जल की कमी वाले क्षेत्र, शहरी समूह, तटीय क्षेत्र, औद्योगिक क्लस्टर और खनन क्षेत्र, मुख्य स्रोत के रूप में झरने वाले क्षेत्र, गहरे जलभृत वाले क्षेत्र, भूजल संदूषण, स्वतः प्रवाह क्षेत्र, नहर कमान क्षेत्र, निम्न भूजल गुणवत्ता वाले क्षेत्र आदि।

इसके अतिरिक्त, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा राष्ट्रीय जल सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित वेब आधारित प्रणाली के माध्यम से बेहतर नीति निर्माण और हितधारकों द्वारा समय पर समाधान के लिए वास्तविक समय के आधार पर भूजल स्तर डेटा के प्रसार के लिए टेलीमेट्री प्रणाली के साथ-साथ डिजिटल जल स्तर रिकॉर्डर (डीडब्ल्यूएलआर) स्थापित कर भूजल मॉनिटरिंग नेटवर्क को सुदृढ़ करने का कार्य आरंभ किया गया है।

*****

**" जल स्तर में गिरावट" के संबंध में दिनांक 20.07.2023 को लोकसभा में उत्तर दिये जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या -171 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**नवंबर 2020 और नवंबर 2022 के जल स्तर का राज्यवार उतार चढ़ाव**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | विश्लेषण किये गये कुओं की संख्या | वृद्धि | | | | | | गिरावट | | | | | | वृद्धि | | गिरावट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 0-2 मी | | 2-4 मी | | >4 मी | | 0-2 मी | | 2-4 मी | | >4 मी | | | | | |
| | | | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 224 | 124 | 55.4% | 27 | 12.1% | 17 | 7.6% | 49 | 21.9% | 6 | 2.7% | 0 | 0.0% | 168 | 75.0% | 55 | 24.6% |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 5 | 1 | 20.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 4 | 80.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 1 | 20.0% | 4 | 80.0% |
| 3 | असम | 123 | 60 | 48.8% | 9 | 7.3% | 1 | 0.8% | 44 | 35.8% | 7 | 5.7% | 2 | 1.6% | 70 | 56.9% | 53 | 43.1% |
| 4 | बिहार | 197 | 72 | 36.5% | 9 | 4.6% | 3 | 1.5% | 90 | 45.7% | 12 | 6.1% | 10 | 5.1% | 84 | 42.6% | 112 | 56.9% |
| 5 | चंडीगढ़ | 6 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0% | 2 | 33.3 | 1 | 16.7 | 3 | 50.0 | 0 | 0.0 | 6 | 100. |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | % | | % | | | | % | | % | | % | | % | | 0% |
| 6 | छत्तीसगढ | 181 | 77 | 42.5% | 20 | 11.0% | 15 | 8.3% | 57 | 31.5% | 10 | 5.5% | 1 | 0.6% | 112 | 61.9% | 68 | 37.6% |
| 7 | दादरा और नगर हवेली | 7 | 4 | 57.1% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 3 | 42.9% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 4 | 57.1% | 3 | 42.9% |
| 8 | दिल्ली | 26 | 11 | 42.3% | 5 | 19.2% | 0 | 0.0% | 2 | 7.7% | 1 | 3.8% | 6 | 23.1% | 16 | 61.5% | 9 | 34.6% |
| 9 | गोवा | 31 | 5 | 16.1% | 1 | 3.2% | 0 | 0.0% | 25 | 80.6% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 6 | 19.4% | 25 | 80.6% |
| 10 | गुजरात | 457 | 87 | 19.0% | 88 | 19.3% | 228 | 49.9% | 39 | 8.5% | 7 | 1.5% | 8 | 1.8% | 403 | 88.2% | 54 | 11.8% |
| 11 | हरियाणा | 111 | 36 | 32.4% | 20 | 18.0% | 13 | 11.7% | 17 | 15.3% | 5 | 4.5% | 20 | 18.0% | 69 | 62.2% | 42 | 37.8% |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 54 | 18 | 33.3% | 9 | 16.7% | 3 | 5.6% | 17 | 31.5% | 6 | 11.1% | 1 | 1.9% | 30 | 55.6% | 24 | 44.4% |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 87 | 35 | 40.2% | 8 | 9.2% | 1 | 1.1% | 33 | 37.9% | 4 | 4.6% | 6 | 6.9% | 44 | 50.6% | 43 | 49.4% |
| 14 | झारखंड | 75 | 27 | 36.0% | 11 | 14.7% | 2 | 2.7% | 23 | 30.7% | 11 | 14.7% | 1 | 1.3% | 40 | 53.3% | 35 | 46.7% |
| 15 | कर्नाटक | 464 | 177 | 38.1% | 61 | 13.1% | 49 | 10.6% | 136 | 29.3% | 26 | 5.6% | 10 | 2.2% | 287 | 61.9% | 172 | 37.1% |
| 16 | केरल | 477 | 235 | 49.3 | 35 | 7.3 | 9 | 1.9% | 170 | 35.6 | 18 | 3.8 | 8 | 1.7 | 27 | 58.5 | 19 | 41.1 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | % | | % | | | | % | | % | | % | 9 | % | 6 | % |
| 17 | मध्य प्रदेश | 733 | 270 | 36.8% | 162 | 22.1% | 143 | 19.5% | 98 | 13.4% | 35 | 4.8% | 23 | 3.1% | 575 | 78.4% | 156 | 21.3% |
| 18 | महाराष्ट्र | 715 | 299 | 41.8% | 116 | 16.2% | 61 | 8.5% | 197 | 27.6% | 22 | 3.1% | 13 | 1.8% | 476 | 66.6% | 232 | 32.4% |
| 19 | मेघालय | 20 | 10 | 50.0% | 1 | 5.0% | 1 | 5.0% | 7 | 35.0% | 1 | 5.0% | 0 | 0.0% | 12 | 60.0% | 8 | 40.0% |
| 20 | ओडिशा | 470 | 237 | 50.4% | 98 | 20.9% | 23 | 4.9% | 95 | 20.2% | 14 | 3.0% | 1 | 0.2% | 358 | 76.2% | 110 | 23.4% |
| 21 | पांडिचेरी | 4 | 2 | 50.0% | 0 | 0.0% | 1 | 25.0% | 1 | 25.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 3 | 75.0% | 1 | 25.0% |
| 22 | पंजाब | 76 | 19 | 25.0% | 3 | 3.9% | 3 | 3.9% | 21 | 27.6% | 5 | 6.6% | 25 | 32.9% | 25 | 32.9% | 51 | 67.1% |
| 23 | राजस्थान | 338 | 58 | 17.2% | 58 | 17.2% | 135 | 39.9% | 24 | 7.1% | 15 | 4.4% | 48 | 14.2% | 251 | 74.3% | 87 | 25.7% |
| 24 | तमिलनाडु | 503 | 164 | 32.6% | 108 | 21.5% | 144 | 28.6% | 57 | 11.3% | 18 | 3.6% | 12 | 2.4% | 416 | 82.7% | 87 | 17.3% |
| 25 | तेलंगाना | 139 | 60 | 43.2% | 34 | 24.5% | 22 | 15.8% | 17 | 12.2% | 3 | 2.2% | 3 | 2.2% | 116 | 83.5% | 23 | 16.5% |
| 26 | त्रिपुरा | 4 | 2 | 50.0% | 1 | 25.0% | 0 | 0.0% | 1 | 25.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 3 | 75.0% | 1 | 25.0% |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 421 | 145 | 34.4 | 18 | 4.3 | 6 | 1.4% | 174 | 41.3 | 44 | 10.5 | 34 | 8.1 | 16 | 40.1 | 25 | 59.9 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | % | | % | | | | % | | % | | % | 9 | % | 2 | % |
| 28 | उत्तरांचल | 16 | 7 | 43.8% | 1 | 6.3% | 1 | 6.3% | 1 | 6.3% | 2 | 12.5% | 4 | 25.0% | 9 | 56.3% | 7 | 43.8% |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 345 | 92 | 26.7% | 14 | 4.1% | 5 | 1.4% | 115 | 33.3% | 55 | 15.9% | 64 | 18.6% | 111 | 32.2% | 234 | 67.8% |
| | **कुल** | **6309** | **2334** | **37.0%** | **917** | **14.5%** | **886** | **14.0%** | **1519** | **24.1%** | **328** | **5.2%** | **303** | **4.8%** | **4137** | **65.6%** | **2150** | **34.1%** |

* 22 कुओं में कोई बदलाव नहीं

अनुलग्नक II

**"जल स्तर में गिरावट" के संबंध में दिनांक 20.07.2023 को लोक सभा में उत्तर दिये जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 171 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**[नवंबर (2000 से 2021)] के औसत और नवंबर 2022 के जल स्तर की गहराई और उतार-चढ़ाव**

| क्रम संख्या | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | विश्लेषण किये गये कुओं की संख्या | वृद्धि | | | | | | गिरावट | | | | | | वृद्धि | | गिरावट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 0-2 मी | | 2-4 मी | | >4 मी | | 0-2 मी | | 2-4 मी | | >4 मी | | | | | |
| | | | सं | % | सं | % | सं | % | सं | % | सं | % | सं | % | सं | % | सं | % |
| 1 | अण्डमान और निकोबार | 99 | 70 | 70.7% | 2 | 2.0% | 0 | 0.0% | 26 | 26.3% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 72 | 72.7% | 26 | 26.3% |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 663 | 339 | 51.1% | 104 | 15.7% | 56 | 8.4% | 149 | 22.5% | 12 | 1.8% | 3 | 0.5% | 499 | 75.3% | 164 | 24.7% |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 9 | 2 | 22.2% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 6 | 66.7% | 1 | 11.1% | 0 | 0.0% | 2 | 22.2% | 7 | 77.8% |
| 4 | असम | 171 | 94 | 55.0% | 2 | 1.2% | 0 | 0.0% | 68 | 39.8% | 5 | 2.9% | 2 | 1.2% | 96 | 56.1% | 75 | 43.9% |
| 5 | बिहार | 642 | 288 | 44.9% | 17 | 2.6% | 4 | 0.6% | 285 | 44.4% | 38 | 5.9% | 10 | 1.6% | 309 | 48.1% | 333 | 51.9% |
| 6 | चंडीगढ़ | 14 | 2 | 14.3% | 0 | 0.0% | 1 | 7.1% | 6 | 42.9% | 3 | 21.4% | 2 | 14.3% | 3 | 21.4% | 11 | 78.6% |
| 7 | छत्तीसगढ | 718 | 358 | 49.9% | 78 | 10.9% | 20 | 2.8% | 216 | 30.1% | 32 | 4.5% | 14 | 1.9% | 456 | 63.5% | 262 | 36.5% |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 15 | 9 | 60.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 6 | 40.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 9 | 60.0% | 6 | 40.0% |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | दिल्ली | 84 | 24 | 28.6% | 15 | 17.9% | 14 | 16.7% | 16 | 19.0% | 2 | 2.4% | 13 | 15.5% | 53 | 63.1% | 31 | 36.9% |
| 10 | गोवा | 63 | 9 | 14.3% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 48 | 76.2% | 5 | 7.9% | 1 | 1.6% | 9 | 14.3% | 54 | 85.7% |
| 11 | गुजरात | 716 | 299 | 41.8% | 126 | 17.6% | 91 | 12.7% | 141 | 19.7% | 35 | 4.9% | 24 | 3.4% | 516 | 72.1% | 200 | 27.9% |
| 12 | हरियाणा | 261 | 98 | 37.5% | 29 | 11.1% | 12 | 4.6% | 61 | 23.4% | 28 | 10.7% | 33 | 12.6% | 139 | 53.3% | 122 | 46.7% |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 84 | 28 | 33.3% | 4 | 4.8% | 3 | 3.6% | 44 | 52.4% | 3 | 3.6% | 2 | 2.4% | 35 | 41.7% | 49 | 58.3% |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 271 | 104 | 38.4% | 7 | 2.6% | 3 | 1.1% | 146 | 53.9% | 10 | 3.7% | 0 | 0.0% | 114 | 42.1% | 156 | 57.6% |
| 15 | झारखंड | 177 | 83 | 46.9% | 11 | 6.2% | 4 | 2.3% | 62 | 35.0% | 16 | 9.0% | 1 | 0.6% | 98 | 55.4% | 79 | 44.6% |
| 16 | कर्नाटक | 1329 | 553 | 41.6% | 206 | 15.5% | 144 | 10.8% | 383 | 28.8% | 26 | 2.0% | 16 | 1.2% | 903 | 67.9% | 425 | 32.0% |
| 17 | केरल | 1411 | 568 | 40.3% | 35 | 2.5% | 6 | 0.4% | 748 | 53.0% | 42 | 3.0% | 11 | 0.8% | 609 | 43.2% | 801 | 56.8% |
| 18 | मध्य प्रदेश | 1260 | 587 | 46.6% | 299 | 23.7% | 130 | 10.3% | 190 | 15.1% | 34 | 2.7% | 20 | 1.6% | 1016 | 80.6% | 244 | 19.4% |
| 19 | महाराष्ट्र | 1477 | 664 | 45.0% | 255 | 17.3% | 105 | 7.1% | 368 | 24.9% | 62 | 4.2% | 22 | 1.5% | 1024 | 69.3% | 452 | 30.6% |
| 20 | मेघालय | 24 | 10 | 41.7% | 0 | 0.0% | 1 | 4.2% | 12 | 50.0% | 1 | 4.2% | 0 | 0.0% | 11 | 45.8% | 13 | 54.2% |
| 21 | नगालैंड | 4 | 1 | 25.0% | 1 | 25.0% | 0 | 0.0% | 1 | 25.0% | 1 | 25.0% | 0 | 0.0% | 2 | 50.0% | 2 | 50.0% |
| 22 | ओडिशा | 1212 | 690 | 56.9% | 39 | 3.2% | 2 | 0.2% | 450 | 37.1% | 28 | 2.3% | 3 | 0.2% | 731 | 60.3% | 481 | 39.7% |
| 23 | पुदुचेरी | 4 | 4 | 100.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 0 | 0.0% | 4 | 100.0% | 0 | 0.0% |
| 24 | पंजाब | 231 | 57 | 24.7% | 5 | 2.2% | 3 | 1.3% | 67 | 29.0% | 48 | 20.8% | 51 | 22.1% | 65 | 28.1% | 166 | 71.9% |
| 25 | राजस्थान | 889 | 266 | 29.9% | 134 | 15.1% | 115 | 12.9% | 200 | 22.5% | 73 | 8.2% | 101 | 11.4% | 515 | 57.9% | 374 | 42.1% |
| 26 | तमिलनाडु | 625 | 223 | 35.7% | 162 | 25.9% | 143 | 22.9% | 78 | 12.5% | 12 | 1.9% | 7 | 1.1% | 528 | 84.5% | 97 | 15.5% |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | तेलंगाना | 512 | 217 | 42.4% | 109 | 21.3% | 141 | 27.5% | 37 | 7.2% | 3 | 0.6% | 5 | 1.0% | 467 | 91.2% | 45 | 8.8% |
| 28 | त्रिपुरा | 20 | 6 | 30.0% | 1 | 5.0% | 0 | 0.0% | 11 | 55.0% | 2 | 10.0% | 0 | 0.0% | 7 | 35.0% | 13 | 65.0% |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 634 | 329 | 51.9% | 39 | 6.2% | 11 | 1.7% | 191 | 30.1% | 38 | 6.0% | 26 | 4.1% | 379 | 59.8% | 255 | 40.2% |
| 30 | उत्तरांचल | 45 | 22 | 48.9% | 4 | 8.9% | 2 | 4.4% | 11 | 24.4% | 4 | 8.9% | 2 | 4.4% | 28 | 62.2% | 17 | 37.8% |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 770 | 164 | 21.3% | 16 | 2.1% | 9 | 1.2% | 332 | 43.1% | 120 | 15.6% | 129 | 16.8% | 189 | 24.5% | 581 | 75.5% |
| | **कुल** | **14434** | **6168** | **42.7%** | **1700** | **11.8%** | **1020** | **7.1%** | **4359** | **30.2%** | **684** | **4.7%** | **498** | **3.5%** | **8888** | **61.6%** | **5541** | **38.4%** |